(राशि ₹ करोड़ में)

क्रम सं.	*विवरण*	*2021-22*	*2020-21*
1	वेतन और भत्ते (अनुसूची 18 की टिप्पणी आ-33 देखें)	859.01	872.31
2	स्टाफ अधिवर्षिता निधियों में अंशदान/ उनके लिए प्रावधान	730.47	690.54
3	अन्य अनुलाभ और भत्ते	186.31	120.15
4	निदेशकों और समिति के सदस्यों की बैठकों से संबंधित यात्रा भत्ता और अन्य भत्ते	-	0.10
5	निदेशकों और समिति के सदस्यों का शुल्क	0.17	0.16
6	किराया, दरें, बीमा, बिजली आदि	37.20	34.83
7	यात्रा व्यय	34.27	22.51
8	मुद्रण और लेखन सामग्री	5.11	4.18
9	डाक, टेलीग्राम और टेलीफोन	20.41	19.22
10	मरम्मत	23.80	14.93
11	लेखापरीक्षकों की फीस*	0.32	0.33
12	विधिक प्रभार	1.09	0.99
13	विविध व्यय	160.23	127.70
14	विविध आस्तियों पर व्यय	7.83	10.03
15	अध्ययन और प्रशिक्षण पर व्यय	69.79	61.17
	कुल	**2,136.01**	**1,979.15**

* *नोट:* इसमें पूर्ववर्ती सांविधिक लेखा परीक्षकों को किया गया भुगतान शामिल है जिन्हें पहले यह राशि नहीं दी गई थी और पेंशन और ग्रेच्युटी ट्रस्ट के सांविधिक लेखा परीक्षकों को किया गया भुगतान भी शामिल है.

अनुसूची 15 आ - संवर्धन गतिविधियों पर व्यय

(राशि ₹ करोड़ में)

क्रम सं.	*विवरण*	*2021-22*	*2020-21*
1	सहकारिता विकास निधि	30.53	18.71
2	उत्पादक संगठन विकास निधि	5.11	4.03
3	ग्रामीण आधारभूत संरचना संवर्धन निधि	6.23	20.00
4	कृषि क्षेत्र संवर्धन निधि के अंतर्गत व्यय	22.17	17.67
5	जलवायु परिवर्तन कार्यक्रम के अंतर्गत व्यय	1.75	0.97
6	ग्राम्य विकास निधि	46.09	27.67
7	उत्प्रेरक पूंजी निधि	-	6.00
	कुल	**111.88**	**95.05**

अनुसूची 16 - प्रावधान

(राशि ₹ करोड़ में)

क्रम सं.	*विवरण*	*2021-22*	*2020-21*
	निम्नलिखित के लिए प्रावधान :		
1	मानक आस्तियां	108.00	698.00
2	अनर्जक आस्तियाँ	346.20	801.26
3	अस्थायी प्रावधान	750.00	750.00
4	निवेश खाता-इक्विटी के मूल्य में ह्रास	10.64	-
	कुल	**1,214.84**	**2,249.26**

अनुसूची 17 - प्रतिबद्धताएं और आकस्मिक देयताएं

(राशि ₹ करोड़ में)

क्रम सं.	*विवरण*	*31.03.2022 को*	*31.03.2021 को*
1	निष्पादन के लिए शेष पूंजीगत संविदाओं के कारण प्रतिबद्धताएं	14.00	1.08
	उप जोड़ "अ"	**14.00**	**1.08**
2	आकस्मिक देयताएं		
(i)	बैंक गारंटी	24.18	24.18
(ii)	बैंक के विरुद्ध दावे जिन्हें उधार नहीं माना गया है	-	-
(iii)	लंबित विधिक मामले	9.48	9.00
	उप जोड़ "आ"	**33.66**	**33.18**
	कुल (अ + आ)	**47.66**	**34.26**

अनुसूची 18

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए महत्वपूर्णलेखा नीतियां और लेखा के भाग के रूप में टिप्पणियां

अ. महत्वपूर्ण लेखा नीतियां

1. लेखे तैयार करने का आधार:

लेखे ऐतिहासिक लागत परंपरा के आधार पर तैयार किए गए हैं और इन्हें तैयार करने में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक अधिनियम, 1981 और उसके विनियमों में निहित महत्त्वपूर्ण पहलुओं; भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी प्रयोज्य लेखा मानकों (एएस) और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित विनियामक मानदंडों का पालन किया गया है. उन मामलों को छोड़कर जहां अन्यथा उल्लिखित है, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (बैंक/ नाबार्ड) ने निरंतर लेखा नीतियों का पालन किया है और ये नीतियां पिछले वर्ष में प्रयुक्त की गई नीतियों से सुसंगत हैं.

2. अनुमानों का उपयोग:

सामान्य तौर पर स्वीकृत लेखा नीतियों (जीएएपी) के अनुरूप वित्तीय विवरण तैयार करने के क्रम में यह अपेक्षित होता है कि प्रबंधन कई ऐसी बातें मान कर चले और कई ऐसे अनुमान लगाए जो बैंक द्वारा रिपोर्ट की गई आस्तियों और देयताओं की राशि तथा वित्तीय विवरणों की तिथि पर आकस्मिक देयताओं के प्रकटन और रेपोर्टिंग अवधि के लिए परिचालनों के परिणामों को प्रभावित करते हैं. यद्यपि, ये अनुमान प्रबंधन तंत्र की सर्वोत्तम जानकारी पर आधारित हैं, वास्तविक निष्कर्ष इन अनुमानों से भिन्न हो सकते हैं. ये भिन्नताएं ऐसे निष्कर्षों के परिणाम के वर्ष में सामने आती हैं.

3. राजस्व निर्धारण:

3.1 नकदी के आधार पर लेखाबद्ध, निम्नलिखित मदों को छोड़ कर आय और व्यय को उपचय के आधार पर लेखाबद्ध किया गया है :

i) भारतीय रिजर्व बैंक के मार्गनिर्देशों के अनुसार पहचानी गई अनर्जक आस्तियों पर ब्याज.

ii) ऋण देयों की प्राप्ति में विलंब या ऋण की शर्तों का अनुपालन न करने पर प्रभारित दंड ब्याज के रूप में आय.

iii) विभिन्न निधियों से दिए गए ऋणों पर सेवा प्रभार.

iv) प्रत्येक लेखा इकाई द्वारा किसी एक व्यय शीर्ष के अंतर्गत ₹10,000 से अनधिक व्यय.

3.2 निर्गमित बॉण्डों और वाणिज्यिक पत्रों की बट्टा राशि को बाण्डों और वाणिज्यिक पत्रों की अवधि के लिए परिशोधित किया गया. बॉण्डों के निर्गम से संबंधित व्ययों को बॉण्डों के निर्गम वर्ष का व्यय माना गया है.

3.3 लाभांश प्राप्त होने का अधिकार स्थापित हो जाने पर निवेश पर लाभांश को लेखे में लिया गया है.

3.4 i) उद्यम पूंजी निधि से आय को वसूली के आधार पर लेखे में लिया गया.

ii) जिन सब्सिडी वाले मामलों में नाबार्ड पास थ्रू एजेंसी के रूप में कार्य करता है उन पर सारविके प्रभारों सहित सब्सिडी के निर्गम की गणना भुगतान आधार पर की जाती है जो संबंधित योजनाओं के तहत निधियों की उपलब्धता के अधीन है.

3.5 अनर्जक आस्तियों (एनपीए) की वसूली निम्नलिखित क्रम में विनियोजित की गई है:

i) दंड ब्याज

ii) लागत और प्रभार

iii) अतिदेय ब्याज और ब्याज

iv) मूलधन

3.6 समझौता और समाधान / निपटान के मामले में, संबन्धित समझौते / समाधान, निपटान की शर्तों के अनुसार वसूली का विनियोजन किया जाएगा.

3.7 दायर मामले / डिक्री किए गए खातों के मामले में, वसूली निम्नानुसार विनियोजित की जाएगी :-

i) संबन्धित न्यायालय के निदेशों के अनुसार.

ii) न्यायालय के स्पष्ट निदेशों के न होने की स्थिति में, उपर्युक्त बिन्दु 3.5 में किए गए उल्लेख के अनुसार.

4. संपत्ति संयंत्र और उपकरण (स्थायी आस्तियां)

4.1 अचल आस्तियों का मूल्य, अधिग्रहण की लागत में से संचित मूल्यह्रास और क्षति के कारण होने वाली हानि, यदि कोई हो, को घटाकर दर्शाया गया है. आस्तियों की लागत में उनके अधिग्रहण और उन्हें स्थापित करने से संबंधित कर, शुल्क, भाड़ा और अन्य प्रासंगिक व्यय शामिल हैं. विद्यमान आस्तियों पर बाद में किए गए व्यय को तभी पूंजीकृत किया गया है जब विद्यमान आस्तियों से भविष्य में होने वाले लाभ उनके पूर्व में आकलित निष्पादन के स्तर से अधिक हो.

4.2 भूमि में स्वामित्व वाली और पट्टे वाली भूमि शामिल है.

4.3 जहां अलग-अलग मूल्य तत्काल उपलब्ध नहीं है, वहाँ परिसर में भूमि का मूल्य शामिल है.

4.4 वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान पूर्ण स्वामित्व वाली और पट्टेवाली भूमि पर स्थित परिसर पर मूल्यह्रास की नीति का संशोधन किया गया था और इसकी गणना 30 वर्ष जीवन अवधि मानकर सीधी रेखा पद्धति के आधार पर की गई है.

4.5 पट्टाकृत भूमि पर भुगतान किए गए अपफ्रंट लीज प्रीमियम को लीज की अवधि में 5% की दर से ह्रासित मूल्य पर या लीज की शेष अवधि पर शेष लीज प्रीमियम की आनुपातिक राशि, जो भी अधिक हो, के अनुसार परिशोधित किया गया.

4.6 ₹1 लाख और इससे कम मूल्य की अचल आस्तियों (आसानी से स्थानांतरणीय इलेक्ट्रानिक आस्तियां जैसे लैपटॉप, मोबाइल फोन इत्यादि

को छोड़कर) को उनके अधिग्रहण वर्ष में लाभ-हानि लेखा में प्रभारित किया गया है. कीमती, परंतु आसानी से स्थानांतरणीय इलेक्ट्रानिक आस्तियां जैसे लैपटॉप, मोबाइल फोन जिनकी प्रत्येक की कीमत यदि ₹10,000 से अधिक है; उन्हें पूंजीकृत किया गया है. सभी सॉफ्टवेयर जिनका मूल्य ₹1 लाख और उससे कम है और जिन्हें अलग से खरीदा गया है, उन्हें लाभ और हानि लेखा में लिया गया है.

4.7 अन्य अचल आस्तियों पर सीधी रेखा पद्धति के आधार पर प्रबंधन द्वारा आस्तियों की अनुमानित उपयोगिता अवधि के आधार पर निम्नलिखित दरों से मूल्यह्रास प्रभारित किया गया है:

आस्तियों के प्रकार	*मूल्यह्रास की दर*
फर्नीचर और फिक्सचर	20%
कम्प्यूटर और सॉफ्टवेयर	33.33%
कार्यालय उपकरण	20%
वाहन	20%

4.8 खरीदने के वर्ष में आस्ति पूंजीकृत होने के महीने से और आस्ति के बिक्री करने के वर्ष के महीने तक मूल्यह्रास प्रभारित किया गया है.

4.9 चल रहे पूंजीगत कार्यों में पूंजीगत अग्रिम भी शामिल हैं और इसे अचल आस्तियों में प्रकट किया गया है.

5. निवेश

5.1 प्रतिभूतियों में लेनदेन "निपटान तिथि" पर दर्ज किए जाते हैं.

5.2 भारतीय रिजर्व बैंक के मार्गनिर्देशों के अनुसार निवेशों को "व्यापार के लिए धारित (एचएफटी)", "बिक्री के लिए उपलब्ध (एएफएस)" और "परिपक्वता के लिए धारित (एचएमटी)" श्रेणियों (यहां से आगे "श्रेणियां" कहा गया है) में वर्गीकृत किया गया है.

5.3 जो प्रतिभूतियां मुख्यत: क्रय की तारीख से 90 दिनों के भीतर फिर से बेचे जाने के लिए धारित हैं उन्हें "एचएफटी" श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है. जिन निवेशों को बैंक परिपक्वता तक रखना चाहता है उन्हें "एचटीएम" श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है. जिन प्रतिभूतियों को इन दोनों में से किसी श्रेणी में वर्गीकृत नहीं किया जाना है उन्हें "एएफएस" श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है.

5.4 जहाँ लागत अंकित मूल्य के समान या कम है वहाँ परिपक्वता तक धारित श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत निवेशों को अधिग्रहण की लागत पर रखा गया है वहाँ यदि लागत, अंकित मूल्य से अधिक है तो प्रीमियम को परिपक्वता के लिए शेष अवधि के लिए परिशोधित किया गया है. "एचटीएम" श्रेणी के अंतर्गत, अस्थायी निवेशों को छोड़कर सहायक संस्थाओं और संयुक्त उद्यमों में किए गए निवेश के मूल्य में कमी होने के संबंध में यथावश्यक प्रावधान किया गया है. यदि ऐसे निवेशों के मूल्य में कोई कमी आती है/ परिशोधन हुआ है तो इसके लिए प्रावधानों को चालू देयताओं और प्रावधानों के तहत शामिल किया गया है.

5.5 "एचटीएम" के तहत वर्गीकृत निवेशों के मोचन पर प्राप्त लाभों को लाभ और हानि लेखा में दर्शाया गया है.

5.6 "एएफएस" के अंतर्गत निवेशों को अखिल भारतीय निर्धारित आय मुद्रा बाजार और व्युत्पन्न संघ (एफआईएमएमडीए) और फाइनैंशियल बेंचमार्क्स इंडिया प्रा.लि. द्वारा घोषित दर पर स्क्रिप-वार बाजार दर के अनुसार समायोजित किया गया है. यदि कोई निवल मूल्यह्रास है, तो "एएफएस" के तहत वर्गीकृत श्रेणी में निवेश के लिए प्रावधान किया गया है और मूल्यवृद्धि को अनदेखा किया गया है. अलग अलग स्क्रिप के अंकित मूल्य में पुनर्मूल्यांकन के बाद कोई परिवर्तन नहीं किया गया है.

5.7 "एचएफटी" के अंतर्गत निवेशों को अखिल भारतीय निर्धारित आय मुद्रा बाज़ार और व्युत्पन्न संघ (एफआईएमएमडीए) और फाइनैंशियल बेंचमार्क्स इंडिया प्रा.लि. द्वारा घोषित दर पर स्क्रिप-वार बाजार दर के अनुसार समायोजित किया गया है. मूल्यह्रास/ मूल्यवृद्धि को "एचएफटी" श्रेणी के निवेशों में मान्य किया गया है. अलग अलग स्क्रिप के अंकित मूल्य में पुनर्मूल्यांकन के बाद परिवर्तन किया गया है.

5.8 5.8 सहायक संस्थाओं/ संयुक्त उद्यमों और सहयोगी संस्थाओं में किए गए निवेशों को परिपक्वता तक धारित के रूप में वर्गीकृत किया गया है.

5.9 ट्रेजरी बिलों, वाणिज्यिक पत्रों और जमा राशि प्रमाणपत्रों का मूल्यांकन धारण लागत पर किया गया है.

5.10 जिन कंपनियों में निवेश किया गया है यदि उन कंपनियों के नवीनतम लेखापरीक्षित खाते उपलब्ध हैं तो कोट न किए गए शेयरों का मूल्यांकन भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देश के अनुसार ब्रेक अप मूल्य अथवा ₹1/- प्रति कंपनी की दर से किया गया है.

5.11 असूचीबद्ध इक्विटियों सहित निवेशों के संबंध में अधिग्रहण के समय अदा की गई ब्रोकरेज, कमीशन आदि की राशि को राजस्व के अंतर्गत प्रभारित किया गया है.

5.12 स्टॉक एक्स्चेंज में खरीदे/ बेचे गए शेयरों के अधिग्रहण/ बिक्री पर अदा की गई ब्रोकरेज की राशि को पूंजीकृत किया गया है.

5.13 ऋण निवेश पर खंडित अवधि के लिए अदा किये गये/ प्राप्त ब्याज को ब्याज व्यय/ आय माना गया है और उसे लागत/ बिक्री प्रतिफल में शामिल नहीं किया गया है.

5.14 विभिन्न श्रेणियों के बीच प्रतिभूति के अंतरण को, अंतरण की तारीख को अधिग्रहण लागत/ बही मूल्य/ बाज़ार मूल्य में से जो भी कम हो, पर हिसाब में लिया गया है और अंतरण के बाद यदि कोई मूल्यह्रास है तो उसके लिए पूर्ण प्रावधान किया गया है.

5.15 सरकारी प्रतिभूतियों के पुनर्मूल्यांकन पर परिशोधन/ लाभ/ हानि को लाभ-हानि खाते में प्रभारित किया गया है.

5.16 निवेशों के लेखांकन के लिए भारित औसत लागत पद्धति का पालन किया गया है.

5.17 उद्यम पूंजी निधियों में निवेश को संबंधित निधि द्वारा अपनाई गई लेखांकन नीति के अनुसार लेखाबद्ध किया गया है.

5.18 निवेश एनपीआई वर्गीकरण के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुरूप आय के उचित प्रावधान/अमान्यता के अधीन हैं. अनर्जक प्रतिभूतियों के संबंध में मूल्यह्रास/प्रावधान अन्य निष्पादक प्रतिभूतियों के मूल्यवृद्धि के समक्ष समायोजित नहीं किए जाते हैं.

यदि किसी कंपनी/ संस्था द्वारा ली गई कोई ऋण सुविधा बैंक की लेखा-बहियों में एनपीए है, तो उस कंपनी/ संस्था द्वारा जारी किसी भी प्रतिभूति में निवेश को भी एनपीए माना जाएगा.

प्रतिभूतियों अर्थात बांड, डिबेंचर आदि के मामले में जहां उधारकर्ताओं द्वारा ऋण सुविधाओं का लाभ उठाया गया है, वहाँ वाईटीएम या आईआरएसी, इनमें से जो भी अधिक हो, मानदंडों के आधार पर प्रावधान किया गया है.

5.19 रेपो/रिवर्स रेपो के तहत बेची और खरीदी गई प्रतिभूतियों की गणना संपार्श्विक उधार और उधार लेनदेन के रूप में की जाती है. तथापि, प्रतिभूतियों को सामान्य एकमुश्त बिक्री / खरीद लेनदेन की तरह ही में अंतरित किया जाता

है और प्रतिभूतियों के ऐसे अंतरण को रेपो / रिवर्स रेपो खातों और कॉन्ट्रा प्रविष्टियों में परिलक्षित किया जाता है. उपर्युक्त प्रविष्टियां परिपक्वता की तारीख को रिवर्स कर दी जाती हैं. लागत और राजस्व की गणना ब्याज व्यय/ आय, जैसा भी मामला हो, के रूप में की जाती है.

5.20 डेरिवेटिव लेनदेन हेजिंग उद्देश्यों के लिए किए जाते हैं.

हेज स्वेप (बचाव के लिए अदला-बदली)

बचाव ब्याज (हेज इंट्रेसट) युक्त आस्ति अथवा देयता के साथ ब्याज दर की अदला-बदली (स्वैप) को उपचय आधार पर लेखांकित किया गया, उन अदला बदलियों को छोड़कर जिन्हें वित्तीय विवरण में कम लागत पर अथवा बाज़ार मूल्य पर धारित किसी आस्ति अथवा देयता के रूप में नामित किया गया हो. अदला-बदलियों की समाप्ति पर अधिलाभ अथवा घाटे को अदला-बदली की शेष संविदागत आयु की निम्न अवधि के लिए मान्य किया गया अथवा आस्ति / देयताओं के की शेष आयु के लिए मान्य किया गया.

6. अग्रिम और उनके लिए प्रावधान

6.1 अग्रिमों का वर्गीकरण भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार किया गया है. आवधिक समीक्षा के आधार पर और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रावधानन के लिए निर्धारित मानदंडों के अनुरूप पहचाने गए अग्रिमों के संबंध में मानक आस्तियों और अनर्जक आस्तियों के लिए प्रावधान किया गया है.

6.2 अग्रिमों की पुन: संरचना/ पुन:अनुसूचीकरण के मामले में, पुन: संरचना/ पुन:अनुसूचीकरण के समय, मूल करार के अनुसार भविष्य के मूलधन और ब्याज के वर्तमान मूल्य तथा संशोधित करार के अनुसार भविष्य के मूलधन और ब्याज के वर्तमान मूल्य के बीच के अंतर के लिए प्रावधान किया गया है.

6.3 अग्रिमों को अनर्जक अग्रिमों के समक्ष किए गए प्रावधानों को घटाकर दिखाया गया है.

6.4 निधियों से मंजूर किए गए ऋणों के संदर्भ में अनर्जक ऋणों के लिए प्रावधानों को लाभ-हानि लेखा में प्रभारित किया गया है.

6.5 एनपीए पर किए गए विशिष्ट प्रावधान के अतिरिक्त, भारतीय रिजर्व बैंक के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार मानक आस्तियों के लिए सामान्य प्रावधान भी किए गए हैं. इन प्रावधानों को तुलन पत्र की अनुसूची 8 में "चालू देयताएं और प्रावधान" शीर्ष के तहत दर्शाया गया है और निवल एनपीए की गणना करने के लिए इन पर विचार नहीं किया जाता है.

7. विदेशी मुद्रा लेन-देन

इन्स्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स ऑफ इंडिया द्वारा विदेशी विनिमय दरों में परिवर्तन के प्रभाव के संबंध में जारी लेखा मानक (एएस-11) के अनुसार विदेशी मुद्रा लेन-देनों का लेखांकन कार्य निम्नानुसार किया गया है:

7.1 विदेशी मुद्रा की आस्तियों और देयताओं का रिपोर्टिंग की तिथि/ वर्ष के अंत में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अधिसूचित विनिमय दरों पर पुन:मूल्यांकन किया गया है. विदेशी मुद्रा उधार के हेज किए गए भाग को संविदागत मूल्य पर उल्लिखित किया गया है और वर्ष की समाप्ति पर हेज किए गए उधार की देयता को तुलनपत्र में कोंट्रा मद (तुलन पत्र से इतर मद) के रूप में दर्शाया गया है.

7.2 आय और व्यय मदों को लेन-देन की तारीख को लागू विनिमय दरों के हिसाब से परिवर्तित कर दिया गया है.

8. विदेशी विनिमय संविदाओं के लिए लेखांकन

8.1 विदेशी मुद्रा विनिमय संविदाएं विदेशी मुद्रा उधारों की चुकौती को हेज करने के लिए की जाती हैं.

8.2 हेज किए गए विदेशी मुद्रा उधारों का उल्लेख संविदागत दर पर किया गया है.

8.3 हेज न की गई विदेशी मुद्रा विनिमय संविदाओं का वर्ष के अंत में एफईडीएआई/ एफ़बीआईएल द्वारा अधिसूचित विनिमय दरों पर पुन:मूल्यांकन किया गया है. पुन: मूल्यांकन के परिणामस्वरूप अभिलाभ/ घाटे को लाभ और हानि लेखा में वायदा विनिमय संविदा लेखा के पुन:मूल्यांकन पर प्राप्त अभिलाभ/ घाटा शीर्ष के अंतर्गत मान्य किया गया है. प्रीमियम/ डिस्काउंट को संविदा की पूरी अवधि के लिए हिसाब में लिया गया है.

9. कर्मचारी लाभ

भारतीय रिजर्व बैंक से स्थानांतरित सभी कार्मिक बैंक के कर्मचारी माने जाते हैं और तदनुरूप कर्मचारी लाभ के प्रावधान किये जाते हैं. प्रत्येक तुलन-पत्र की तारीख को कर्मचारियों के दीर्घकालीन लाभ के लिए यथाआवश्यक बीमांकिकीय मूल्यांकन किया गया है.

9.1 अल्पावधि कर्मचारी लाभ:

कर्मचारियों हेतु अल्पावधि लाभ, जिनका भुगतान कर्मचारियों द्वारा दी गई सेवाओं के बदले में अपेक्षित है, की अबट्टाकृत राशि उसी अवधि के लिए मानी गई है जिस अवधि में कर्मचारी ने सेवाएं प्रदान की हैं.

9.2 सेवानिवृत्ति पश्चात् लाभ:

i) नियत अंशदान योजना

उन सभी पात्र कर्मचारियों के लिए जिन्होंने 31 दिसम्बर 2011 को या इससे पहले बैंक में कार्यभार ग्रहण किया है, बैंक में भविष्य निधि योजना है. इस योजना का प्रबंधन भारतीय रिजर्व बैंक करता है. अंशदान को उपचय के आधार पर मान्य किया गया है.

बैंक ने उन सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों के लिए नई पेंशन योजना (एनपीएस) आरंभ की है जो 01 जनवरी 2012 को या उसके बाद बैंक की सेवाओं में आए हैं. बैंक ने एक नियत अंशदान योजना ₹. एनपीएस - कार्पोरेट सेक्टर मॉडल' को अपनाया है जो कि पेंशन निधि विनियामक व विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा तैयार की गई है. निधि में अंशदान उपचय आधार पर किया जाता है.

ii) नियत लाभ योजना

क. सभी पात्र कर्मचारियों के मामले में अनुमानित इकाई ऋण पद्धति के आधार पर प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर बीमांकिकीय मूल्यांकन के आधार पर ग्रेच्युटी के लिए प्रावधान किया गया है. योजना का निधीयन बैंक द्वारा किया जाता है और इसका प्रबंधन एक अलग न्यास द्वारा किया जाता है. बीमांकिकीय लाभ अथवा हानि को लाभ और हानि लेखा में उपचय आधार पर दर्शाया गया है.

ख. 31 दिसम्बर 2011 को या उससे पहले बैंक में कार्यग्रहण करने वाले सभी पात्र कर्मचारियों की पेंशन के लिए प्रावधान बीमांकिकीय मूल्यांकन के आधार पर किया गया है. इस योजना के लिए बैंक निधि प्रदान करता है और इसका प्रबंध एक अलग न्यास द्वारा किया जाता है. बीमांकिकीय लाभ अथवा हानि को उपचय आधार पर लाभ और हानि लेखा में दर्शाया गया है.

iii) अन्य दीर्घावधि लाभ

बैंक के सभी पात्र कर्मचारी क्षतिपूर्तियुक्त अनुपस्थितियों के लिए अधिकृत हैं. बैंक के सभी पात्र कर्मचारी सेवानिवृत्ति पश्चात् चिकित्सा लाभों के लिए भी पात्र हैं. अन्य दीर्घावधि लाभों की लागत का निर्धारण प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख पर अनुमानित इकाई ऋण पद्धति का प्रयोग करके बीमांकिकीय मूल्यांकन के आधार पर किया गया है. बीमांकिकीय अभिलाभ या घाटे को लाभ और हानि लेखा में उपचय के आधार पर दर्शाया गया है.

10. आय पर कर

10.1 चालू अवधि के लिए आय पर कर का निर्धारण आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अनुरूप परिगणित कर योग्य आय और कर जमाओं और निर्धारणों/ अपीलों के संभावित परिणाम के आधार पर किया गया है.

10.2 आस्थगित कर की पहचान समयजन्य अंतर यानी वर्ष के लिए कर-योग्य आय और लेखागत आय के बीच के अंतर के आधार पर की गई है और कर की दरों और तुलनपत्र की तारीख की स्थिति के अनुसार अधिनियमित कानूनों या स्थानापन्न रूप से अधिनियमित कानूनों का उपयोग करते हुए उनकी राशि निर्धारित की गई है.

10.3 अनवशोषित मूल्यह्रास/ व्यवसायगत हानियों से संबंधित आस्थगित कर आस्तियों की पहचान कर उन्हें उस सीमा तक आगे ले जाया गया है, जहां यह लगभग निश्चित हो जाए कि भविष्य में पर्याप्त कर-योग्य आय उपलब्ध होगी जिसके समक्ष ऐसी आस्थगित कर आस्तियों की वसूली की जा सकेगी.

10.4 निधियों से अर्जित कर योग्य आय पर भुगतान/ प्रावधान किए गए करों की गणना लेखों में संबंधित निधियों के व्यय के रूप में की गई है.

11. खंड रिपोर्टिंग

11.1 बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार और आईसीएआई द्वारा जारी लेखांकन मानक 17 की अनुपालना में अपने प्रमुख रिपोर्टिंग खंड के रूप में व्यवसाय खंड को मान्यता दी है.

11.2 खंड राजस्व में इस खंड के साथ प्रत्यक्ष रूप से पहचाने जाने वाला / विनिधानीय योग्य ब्याज और अन्य आय शामिल है. आय, जो समग्र रूप में बैंक से संबंधित है और जिसे खंडों के रूप में आबंटित नहीं किया गया उसे "अन्य अविनिधानीय बैंक आय" के तहत शामिल किया गया.

11.3 जो व्यय किसी खंड से सीधे संबंधित/ खंड को आबंटन-योग्य हैं उनको खंड का परिणाम निर्धारित करने के लिए हिसाब में लिया गया है. ऐसे व्यय जिनका संबंध संपूर्ण बैंक से है और जिन्हें किसी खंड को आबंटित नहीं किया जा सकता उनको "अन्य अविनिधानीय व्यय" में शामिल किया गया है.

11.4 खंड आस्तियों और देयताओं में संबंधित खंड से सीधे जुड़ी आस्तियां और देयताएं शामिल हैं. अविनिधानीय आस्तियों और देयताओं में संपूर्ण बैंक से संबंधित किसी खंड को अविनिधानीय आस्तियां और देयताएं शामिल हैं.

12. आस्तियों की क्षतिग्रस्तता

12.1 तुलन-पत्र की प्रत्येक तारीख को जिन आस्तियों में क्षतिग्रस्तता का संकेत मिलता है उन आस्तियों की अंकित राशि की जांच क्षतिग्रस्तता के लिए की जाती है ताकि यह निर्धारण किया जा सके कि:

i) यदि क्षतिग्रस्तताजन्य कोई हानि हुई हो तो, उसके लिए आवश्यक प्रावधान; अथवा

ii) पिछली अवधि में मान्य की गई क्षतिग्रस्तताजन्य हानि, यदि कोई हो, का रिवर्सल

12.2 क्षतिग्रस्तताजन्य हानि तब मानी गई है जब किसी आस्ति की धारिता राशि उससे वसूली योग्य राशि से अधिक हो.

13. प्रावधान, आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक आस्तियां

13.1 प्रावधानों के लिए केवल उन्हीं देयताओं को मान्य किया गया है जिनका आकलन वास्तविक अनुमानों का प्रयोग करते हुए किया जा सके यदि:

क) किसी पिछली घटना के परिणामस्वरूप बैंक का कोई वर्तमान दायित्व है.

ख) दायित्वों के निपटान हेतु संसाधनों के बर्हिगमन की संभावना है; और

ग) देयता की राशि का विश्वसनीय अनुमान लगाया जा सकता है.

13.2 आकस्मिक देयता को निम्न मामलों में प्रकट किया गया है:

क. पिछली घटनाओं से उत्पन्न वर्तमान दायित्व, जब इसकी संभावना नहीं हो कि दायित्व को पूरा करने के लिए संसाधनों के बर्हिगमन की आवश्यकता पड़ेगी,

ख. कोई वर्तमान दायित्व, जब वास्तविक अनुमान संभव नहीं हो, और

ग. पिछली घटनाओं से उत्पन्न वर्तमान दायित्व जहां संसाधनों के बर्हिगमन की संभावना न के बराबर हो.

13.3 आकस्मिक आस्तियों को न तो मान्य किया गया है और न ही उन्हें प्रकट किया गया है.

13.4 प्रावधानों और आकस्मिक देयताओं और की तुलन-पत्र की प्रत्येक तिथि पर समीक्षा की जाती है.

14. नकदी और नकदी समतुल्य

क) नकदी प्रवाह विवरणियों के प्रयोजन के लिए नकदी और नकदी समतुल्यों में बैंक में नकदी, हाथ में नकदी, बैंक के पास मांग जमाराशियां तथा अन्य अल्पावधि निवेश शामिल हैं.

ख) अप्रत्यक्ष पद्धति का उपयोग करते हुए नकदी प्रवाह विवरण की रिपोर्टिंग की जाती है. उपलब्ध सूचना के आधार पर परिचालन, वित्तपोषण और निवेश गतिविधि से प्राप्त नकदी के प्रवाह को अलग-अलग किया जाता है.

15. पूर्व अवधि की आय/ व्यय मदें

पूर्व अवधि प्रकृति की आय/ व्यय मदें केवल उस समय अलग से प्रकट की जाती हैं जब एकल पूर्व अवधि आय/ व्यय, सकल आय के 0.5% से ज्यादा हो.

16. भारतीय लेखा मानकों का कार्यान्वयन (भारतीय लेखा मानक)

एमसीए द्वारा दिनांक 18 जनवरी 2016 को जारी प्रेस विज्ञप्ति सं. 11/10/2009 सीएल-वी के अनुसार बैंक द्वारा 01 अप्रैल 2018 से प्रारंभ होने वाली लेखा अवधि और आगे के लिए भारतीय लेखा मानकों पर आधारित वित्तीय विवरण तैयार करना अपेक्षित है जिन्हें 31 मार्च 2018 को समाप्त और उसके बाद की अवधि के लिए तुलनात्मक होना है. भारतीय रिज़र्व द्वारा अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं के लिए भारतीय लेखा मानकों का कार्यान्वयन अगली संसूचना तक स्थगित कर दिया गया है.

17. कोविड-19 का प्रभाव

17.1 पूरे विश्व में और भारत में कोविड -19 के प्रकोप के कारण देश में लगे आंशिक लॉकडाउन और सीमित आवाजाही के परिणामस्वरूप देश की आर्थिक गतिविधि पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा है. इससे कई कारोबारों विशेषकर बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्रों में तो अवरोध उत्पन्न हुआ है और साथ-ही-साथ कृषि क्षेत्र में भी गंभीर चुनौतियाँ उभरकर सामने आई हैं. कृषि क्षेत्र में ये चुनौतियाँ देश में रबी मौसम के चरम पर पहुँचने और फसल कटाई अथवा उनकी परिपक्वता अवधि के दौरान अधिक बढ़ गई थीं. यही वह समय होता है जब नामित सरकारी एजेंसियों द्वारा निश्चित अधिप्राप्ति परिचालन के लिए खेती की उपज मंडियों (मार्केट यार्ड) तक पहुँचती है.

17.2 बैंक के प्रबंधन तंत्र ने अपनी आंतरिक और बाह्य निविष्टियों पर पड़ने वाले प्रभावों पर विचार करते हुए अपनी वित्तीय स्थिति पर कोविड-19 के प्रभाव का आकलन किया है, जो उसके बाद आने वाली अवधियों की प्रगतियों के आकलन पर आधारित है.

17.3 17.3 वर्तमान में उपलब्ध सूचना के आधार पर बैंक के प्रबंधन तंत्र का यह अभिमत है कि रिपोर्ट में दिए गए आंकड़ों और आस्तियों की क्षतिग्रस्तता पर कोविड-19 का प्रभाव महत्वपूर्ण नहीं है.

आ. लेखों के भाग के रूप में टिप्पणियां

1. पूंजी

1.1 **तुलन-पत्र की तारीख की स्थिति के अनुसार पूंजी अंशदान का स्वरूप :**

31 मार्च 2021 और 31 मार्च 2022 की स्थिति में नाबार्ड की चुकता पूंजी ₹30000 करोड़ थी. बैंक की कुल चुकता पूंजी भारत सरकार द्वारा अभिदत्त की गई है जिनका विवरण निम्नानुसार है:

अंशदानकर्ता	*31 मार्च 2022*		*31 मार्च 2021*	
	(₹ करोड़)	*%*	*(₹ करोड़)*	*%*
भारत सरकार	17,080.00	100.00	15,080.00	100.00
कुल	**17,080.00**	**100.00**	**15,080.00**	**100.00**

वर्ष के दौरान भारत सरकार ने नाबार्ड की पूंजी में ₹2000 करोड़ की राशि अंतर्वेशित की है.

1.2 **पूंजी पर्याप्तता**

1.2.1 भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित न्यूनतम 9% की तुलना में 31 मार्च 2022 की स्थिति के अनुसार बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 16.07% (18.80%) था.

1.2.2 भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुदेशों के अनुसरण में राष्ट्रीय ग्रामीण ऋण-दीर्घावधि परिचालन (एनआरसी-एलटीओ) निधि से वित्तपोषित ₹14499 (₹14497) करोड़ की आस्तियों को सीआरएआर की गणना के प्रयोजन से बाहर रखा गया है.

1.2.3 जोखिम भारित आस्तियों की तुलना में पूंजी अनुपात के विभिन्न मानदंडों का विवरण नीचे दिया गया है:

(राशि ₹ करोड़ में)

क्रम सं.	*विवरण*	*2021-22*	*2020-21*
(i)	सामान्य इक्विटी	56931.16	51547.69
(ii)	अतिरिक्त टीयर 1 पूंजी	0.00	0.00
(iii)	कुल टीयर 1 पूंजी (i+ii)	56931.16	51547.69
(iv)	टीयर 2 पूंजी	4497.51	5344.24
(v)	कुल पूंजी (टीयर 1+टीयर 2)	61428.67	56891.93
(vi)	कुल जोखिम भारित आस्तियां (आरडब्ल्यूए)	382186.32	302607.64
(vii)	सामान्य इक्विटी अनुपात (आरडब्ल्यूए के प्रतिशत के रूप में सामान्य इक्विटी)	14.90	17.03
(viii)	टीयर 1 अनुपात (आरडब्ल्यूए के प्रतिशत के रूप में टीयर 1 पूंजी)	14.90	17.03
(ix)	जोखिम भारित आस्तियों की तुलना में पूंजी अनुपात (सीआरएआर)	16.07	18.80
(x)	एआईएफ़आई में भारत सरकार की शेयरधारिता का प्रतिशत	100.00	100.00
(xi)	उगाही गई इक्विटी पूंजी की राशि #	2000.00	1000.00
(xii)	उगाही गई अतिरिक्त टीयर 1 पूंजी की राशि: जिसमें से	0.00	0.00
	(क) स्थायी असंचयी वरीयता शेयर (पीएनसीपीएस)	0.00	0.00
	(ख) स्थायी ऋण लिखत (पीडीआई)	0.00	0.00
(xiii)	उगाही गई अतिरिक्त टीयर 2 पूंजी की राशि: जिसमें से	0.00	0.00
	(क) ऋण पूंजी लिखत:	0.00	0.00
	(ख) स्थायी संचयी वरीयता शेयर (पीसीपीएस)	0.00	0.00
	(ग) मोचन-योग्य असंचयी वरीयता शेयर (आरएनसीपीएस)	0.00	0.00
	(घ) मोचन-योग्य संचयी वरीयता शेयर (आरसीपीएस)	0.00	0.00

वर्ष के दौरान शेयर पूंजी के अंतर्गत भारत सरकार से प्राप्त राशि ₹2,000 करोड़ है.

2. निर्बंध प्रारक्षित निधियां और प्रावधान

2.1 **मानक आस्तियों के लिए प्रावधान**

(राशि ₹ करोड़ में)

विवरण	*2021-22*	*2020-21*
वर्ष के दौरान मानक आस्तियों के लिए प्रावधान	108.00	698.00

2.2 **प्रतिचक्रीय सुरक्षित प्रावधान*:**

(राशि ₹ करोड़ में)

क्रम सं.	*विवरण*	*2021-22*	*2020-21*
(क)	अस्थिर प्रावधान खाते में अथशेष	1264.44	514.44
(ख)	लेखा वर्ष के दौरान किए गए प्रावधान की प्रमात्रा#	750.00	750.00
(ग)	लेखा वर्ष के दौरान आहरित राशि	0.00	0.00
(घ)	वित्तीय वर्ष के अंत में अस्थिर प्रावधान का इतिशेष	2014.44	1264.44

** यह ऐसे अग्रिमों के लिए अस्थायी प्रावधानों को दर्शाता है जिनका उपयोग टियर II पूंजी के रूप में नहीं किया गया है।*

 # बैंक के निदेशक मंडल ने आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसरण में अस्थिर प्रावधान करने का निर्णय लिया है ताकि किसी असाधारण अथवा अप्रत्याशित परिस्थितियों में इनका उपयोग किया जा सके.

3. आस्ति गुणवत्ता और विशिष्ट प्रावधान

3.1 **अनर्जक अग्रिम**

(राशि ₹ करोड़ में)

क्रम सं.	*विवरण*	*31.03.2022*	*31.03.2021*
(i)	**निवल अग्रिम की तुलना में निवल अनर्जक आस्तियां (%)**	0.00	0.00
(ii)	**अनर्जक आस्तियों (सकल) में उतार-चढ़ाव**		
(क)	अथशेष	1240.88	1236.99
(ख)	वर्ष के दौरान जोड़ी गई राशि	871.08	4.01
(ग)	वर्ष के दौरान हुई कमी की राशि	(2.37)	(0.12)
(घ)	इतिशेष	2109.59	1240.88
(iii)	**निवल अनर्जक आस्तियों में उतार-चढ़ाव**		
(क)	अथशेष	0.00	719.88
(ख)	वर्ष के दौरान जोड़ी गई राशि	0.00	0.00
(ग)	वर्ष के दौरान हुई कमी की राशि	0.00	719.88
(घ)	इतिशेष	0.00	0.00
(iv)	**निवल अनर्जक आस्तियों के लिए प्रावधान में उतार-चढ़ाव (मानक आस्तियों के लिए प्रावधान को छोड़कर)**		
(क)	अथशेष	1240.88	517.11
(ख)	वर्ष के दौरान किए गए प्रावधान	871.08*	723.89
(ग)	अपलिखित/ प्रतिलिखित अधिक प्रावधान	(2.37)	(0.12)
(घ)	इतिशेष	2109.59	1240.88

* अनुसूची -18 की टिप्पणी सं-23 देखें

3.2 **अनर्जक निवेश**

(राशि ₹ करोड़ में)

क्रम सं.	*Particulars*	*31.03.2022*	*31.03.2021*
(i)	**निवल निवेश में निवल अनर्जक निवेश (%)**	0.00	0.00
(ii)	**निवल अनर्जक निवेश (सकल) में उतार-चढ़ाव**		
(क)	अथशेष	650.34	650.34
(ख)	वर्ष के दौरान जोड़ी गई राशि	0.00	0.00
(ग)	वर्ष के दौरान हुई कमी की राशि	(317.45)	0.00
(घ)	इतिशेष	332.89	650.34
(iii)	**निवल अनर्जक निवेश में उतार-चढ़ाव**		
(क)	अथशेष	0.00	85.48
(ख)	वर्ष के दौरान जोड़ी गई राशि	0.00	0.00
(ग)	वर्ष के दौरान हुई कमी की राशि	0.00	85.48
(घ)	इतिशेष	0.00	0.00
(iv)	**निवल अनर्जक निवेश के लिए प्रावधान में उतार-चढ़ाव (मानक आस्तियों के लिए प्रावधान को छोडकर)**		
(क)	अथशेष	650.34	564.86
(ख)	वर्ष के दौरान प्रावधान	0.00	85.48
(ग)	अपलिखित/ प्रतिलिखित अधिक प्रावधान	(317.45)	0.00
(घ)	इतिशेष	332.89	650.34

3.3 **अनर्जक आस्तियां (3.1+3.2)**

(राशि ₹ करोड़ में)

क्रम सं.	*विवरण*	*31.03.2022*	*31.03.2021*
(i)	**निवल आस्तियों में निवल अनर्जक आस्तियां (अग्रिम + निवेश) (%)**	0.00	0.00
(ii)	**अनर्जक आस्तियों में उतार-चढ़ाव (सकल अग्रिम + सकल निवेश)**		
(क)	अथशेष	1891.22	1887.33
(ख)	वर्ष के दौरान जोड़ी गई राशि	871.08	4.01
(ग)	वर्ष के दौरान हुई कमी की राशि	(319.82)	(0.12)
(घ)	इतिशेष	2442.48	1891.22
(iii)	**निवल अनर्जक आस्तियों में उतार-चढ़ाव**		
(क)	अथशेष	0.00	805.36
(ख)	वर्ष के दौरान जोड़ी गई राशि	0.00	0.00
(ग)	वर्ष के दौरान हुई कमी की राशि	0.00	805.36
(घ)	इतिशेष	0.00	0.00
(iv)	**अनर्जक आस्तियों के लिए प्रावधान में उतार-चढ़ाव (मानक आस्तियों के लिए प्रावधान को छोड़कर)**		
(क)	अथशेष	1891.22	1081.97
(ख)	वर्ष के दौरान प्रावधान	871.08	809.37
(ग)	अपलिखित/ प्रतिलिखित अधिक प्रावधान	(319.82)	(0.12)
(घ)	इतिशेष	2442.48	1891.22

3.4 **पुन:संरचित खातों का विवरण**

चालू वित्तीय वर्ष में सात ऋण खातों को पुन:संरचित किया गया.

	पुन:संरचना का प्रकार आस्ति वर्गीकरण विवरण		*सीडीआर प्रणाली में*					*एसएमई ऋण पुन:संर*		
			मानक	*अव-मानक*	*संदिग्ध*	*हानि*	*कुल*	*मानक*	*अव-मानक*	*संदिग्ध*
1	01 अप्रैल 2021 को पुन:संरचित खातों की स्थिति	उधार कर्ताओं की सं.						0		
		बकाया राशि						0.00		
		प्रावधान*						0.00		
2	वर्ष के दौरान नई पुन:संरचना / अग्रिम	उधार कर्ताओं की सं.						0		
		बकाया राशि						0.00		
		प्रावधान*						0.00		
3	वित्तीय वर्ष के दौरान पुन:संरचित मानक श्रेणी में उन्नयन	उधार कर्ताओं की सं.						0		
		बकाया राशि						0.00		
		प्रावधान*						0.00		
4	पुन:संरचित मानक अग्रिम जिनके लिए वित्तीय वर्ष के अंत में उच्चतर प्रावधान और/ या अतिरिक्त जोखिम भार आवश्यक नहीं रहा और इसलिए जिन्हें आगामी वित्तीय वर्ष के आरंभ में पुन:संरचित मानक अग्रिम के रूप में दर्शाना आवश्यक नहीं रहा	उधार कर्ताओं की सं.						0		
		बकाया राशि						0.00		
		प्रावधान*						0.00		
5	वित्तीय वर्ष के दौरान पुन:संरचित खातों का अवनयन	उधार कर्ताओं की सं.						0		
		बकाया राशि						0.00		
		प्रावधान*						0.00		
6	वित्तीय वर्ष के दौरान पुन:संरचित खातों का अपलेखन	उधार कर्ताओं की सं.						0		
		बकाया राशि						0.00		
		प्रावधान*						0.00		
7	31 मार्च 2022 की स्थिति में पुन:संरचित खाते	उधार कर्ताओं की सं.						0		
		बकाया राशि						0.00		
		प्रावधान*						0.00		

* प्रावधान में सामान्य मानक आस्ति प्रावधान और पुनः संरचना के कारण अतिरिक्त प्रावधान शामिल हैं.

(राशि ₹ करोड़ में)

चना प्रणाली में		अन्य					कुल				
हानि	कुल	मानक	अव-मानक	संदिग्ध	हानि	कुल	मानक	अव-मानक	संदिग्ध	हानि	कुल
		2	0	3	0	5	2	0	3	0	5
		80.08	0.00	14.6	0.00	94.68	80.08	0.00	14.6	0.00	94.68
		8.01	0.00	14.6	0.00	22.61	8.01	0.00	14.6	0.00	22.61
		7	1	0	0	8	7	1	0	0	8
		120.87	51.79	0.00	0.00	172.66	120.87	51.79	0.00	0.00	172.66
		6.29	51.79	0.00	0.00	58.09	6.29	51.79	0.00	0.00	58.09
		0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
		0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
		0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
		0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
		0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
		0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
		1	0	0	0	1	1	0	0	0	1
		53.69	0.00	0.00	0.00	53.69	53.69	0.00	0.00	0.00	53.69
		5.37	0.00	0.00	0.00	5.37	5.37	0.00	0.00	0.00	5.37
		0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
		0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
		0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
		8	1	3	0	12	8	1	3	0	12
		147.26	51.79	14.6	0.00	213.65	147.26	51.79	14.6	0.00	213.65
		8.93	51.79	14.6	0.00	75.33	8.93	51.79	14.6	0.00	75.33

3.5 दबावग्रस्त आस्तियों की संधारणीय पुन:संरचना से संबंधित योजना के लिए ऋण (एस4ए)

वर्ष 2016-17 के दौरान, दबावग्रस्त आस्तियों की संधारणीय पुन:संरचना से संबंधित योजना के अंतर्गत ₹46.91 करोड़ के एक दबावग्रस्त ऋण खाते के समाधान पर विचार किया गया. समाधान योजना का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

राशि (₹ करोड़ में)

विवरण	*2021-22*
भाग– अ	
(i) बकाया ऋण	13.70
भाग– आ	
(i) इक्विटी शेयर	8.06
(ii) वैकल्पिक परिवर्तनीय डिबेंचर	14.22
कुल	**35.98**

31 मार्च 2022 की स्थिति के अनुसार उपर्युक्त ऋण खाते में निवल बकाया राशि ₹13.70 थी. यह खाता अभी भी एनपीए में है और एस4ए दिशानिर्देशों के अनुसार बकाया राशि पर 100% का प्रावधान किया गया है. एस4ए व्यवस्था के अंतर्गत प्राप्त और डेब्ट सर्विसिंग रिजर्व खाते में रखी गई राशि का पूरा उपयोग किया गया है.

3.6 अनर्जक अग्रिमों में उतार-चढ़ाव

(राशि ₹ करोड़ में)

क्रम सं..	*विवरण*	*2021-22*	*2020-21*
(i)	01 अप्रैल को सकल अनर्जक आस्तियां	1240.88	1236.99
(ii)	वर्ष के दौरान वृद्धि (नया एनपीए)	871.08	4.01
	उप-जोड़ (अ)	**2111.96**	**1241.00**
घटाएं:			
(i)	उन्नयन	0.00	0.00
(ii)	वसूली (उन्नयन किए गए खातों से हुई वसूली को छोड़कर)	2.37	0.12
(iii)	तकनीकी/ विवेकपूर्ण अपलेखन	0.00	0.00
(iv)	उपर्युक्त (iii) से इतर अपलेखन	0.00	0.00
	उप-जोड़ (आ)	**2.37**	**0.12**
31 मार्च की स्थिति में सकल अनर्जक आस्तियां (अ-आ)		**2109.59**	**1240.88**

3.7 अपलेखन और वसूली

(राशि ₹ करोड़ में)

विवरण	*2021-22*	*2020-21*
01 अप्रैल को तकनीकी/ विवेकपूर्ण अपलिखित खातों का अथशेष	0.00	0.00
जोड़ें: वर्ष के दौरान तकनीकी/ विवेकपूर्ण अपलेखन	0.00	0.00
उप-जोड़ (अ)	0.00	0.00
घटाएं: वर्ष के दौरान तकनीकी/ विवेकपूर्ण अपलिखित खातों से हुई वसूली (आ)	0.00	0.00
31 मार्च को इतिशेष (अ-आ)	0.00	0.00

टिप्पणी: तकनीकी या विवेकपूर्ण अपलेखन की राशि अनर्जक ऋणों की वह राशि है जो शाखाओं की बहियों में बकाया है लेकिन जिन्हें प्रधान कार्यालय स्तर पर अपलिखित (पूर्णतः या अंशतः) कर दिया गया है.

3.8 विदेशों में आस्तियां, अनर्जक आस्तियां और राजस्व

(राशि ₹ करोड़ में)

विवरण	*2021-22*	*2020-21*
कुल आस्तियां	0.00	0.00
कुल अनर्जक आस्तियां	0.00	0.00
कुल राजस्व	0.00	0.00

3.9 मूल्यह्रास और निवेशों के लिए प्रावधान

(राशि ₹ करोड़ में)

क्रम सं.	*विवरण*	*2021-22*	*2020-21*
(1)	**निवेश**		
(i)	सकल निवेश *		
	क. भारत में	65833.24	44795.43
	ख. भारत के बाहर	0.00	0.00
(ii)	मूल्यह्रास के लिए प्रावधान *		
	(क) भारत में	332.89	650.34
	(ख) भारत के बाहर	0.00	0.00
(iii)	निवल निवेश *		
	(क) भारत में	65500.35	44145.09
	(ख) भारत के बाहर	0.00	0.00
(2)	**निवेशों के मूल्यह्रास के लिए धारित प्रावधानों में उतार-चढ़ाव**		
(i)	अथशेष	650.34	564.86
(ii)	जोड़ें: वर्ष के दौरान किए गए प्रावधान	0.00	85.48
(iii)	वर्ष के दौरान निवेश उतार-चढ़ाव प्रारक्षित निधि खाते से विनियोजन, यदि कोई हो	0.00	0.00

क्रम सं.	विवरण	2021-22	2020-21
(iv)	घटाएं: वर्ष के दौरान अपलिखित/ प्रतिलिखित अतिरिक्त प्रावधान	(317.45)	0.00
(v)	घटाएं: निवेश उतार-चढ़ाव प्रारक्षित खाते से अंतरण, यदि कोई हो	0.00	0.00
(vi)	इतिशेष	332.89	650.34

* इन आंकड़ों में रासकृग्रावि बैंकों के विशेष विकास डिबेंचरों में किया गया निवेश शामिल नहीं है

4. सरकारी प्रतिभूतियों में निवेशों के अंतर्गत निम्नलिखित उधारों के लिए संपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में क्लियरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के पास गिरवी प्रतिभूतियां शामिल हैं:

(राशि ₹ करोड़ में)

विवरण	अंकित मूल्य	बही मूल्य
व्यापार के लिए गिरवी खंड (प्रतिभूतियां)	765.00 (760.00)	814.93 (798.77)
व्यापार के लिए गिरवी खंड (सीबीएलओ/ त्रिपक्षीय रेपो)	25918.05 (23111.05)	27460.48 (24895.54)
व्यापार के लिए गिरवी खंड (प्रतिभूतियां) डिफाल्ट निधि	50.00 (50.00)	51.75 (52.21)
व्यापार के लिए गिरवी खंड (सीबीएलओ/ त्रिपक्षीय रेपो) - डिफाल्ट निधि	50.00 (50.00)	51.75 (52.21)

5. **प्रावधान और आकस्मिकताएं**

(राशि ₹ करोड़ में)

क्रम सं.	लाभ और हानि लेखा में व्यय शीर्ष के अंतर्गत उल्लिखित प्रावधान और आकस्मिकताएं	2021-22	2020-21
1	निवेश पर मूल्यह्रास के लिए प्रावधान	10.64	85.48
2	अनर्जक आस्ति के लिए प्रावधान (अग्रिम + निवेश)	346.20	801.26
3	आयकर के लिए प्रावधान	1628.00	1761.45

6. **प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर)**

चालू वर्ष के कारोबार की समाप्ति तक पीसीआर [प्रावधानों (इसमें अनुसूची-18 के नोट सं. 2.2 के अनुसार प्रतिचक्रीय बफर शामिल है) में सकल अनर्जक आस्तियों का अनुपात] 182.48% (166.86%) रहा.

7. **निवेश पोर्टफोलियो: संघटन और परिचालन**

7.1 **रेपो लेनदेन**

(राशि ₹ करोड़ में)

विवरण	वर्ष के दौरान न्यूनतम बकाया	वर्ष के दौरान अधिकतम बकाया	वर्ष के दौरान दैनिक औसत बकाया	31 मार्च 2022 की स्थिति के अनुसार बकाया
रेपो के अंतर्गत बेची गई प्रतिभूतियां				
i. सरकारी प्रतिभूतियां	242.36 (220.22)	9036.94 (5119.43)	620.07 (601.55)	0.00 (0.00)
ii. कॉर्पोरेट ऋण प्रतिभूतियां	0.00 (0.00)	0.00 (0.00)	0.00 (0.00)	0.00 (0.00)
रिवर्स रेपो के अंतर्गत खरीदी गई प्रतिभूतियां				
i. सरकारी प्रतिभूतियां	0.00 (56.23)	0.00 (259.43)	0.00 (0.86)	0.00 (0.00)
ii. कॉर्पोरेट ऋण प्रतिभूतियां	0.00 (0.00)	0.00 (0.00)	0.00 (0.00)	0.00 (0.00)

7.2 **ऋण प्रतिभूतियों में निवेश के लिए जारीकर्ता संघटन का प्रकटन***

(राशि ₹ करोड़ में)

क्रम सं.	*जारीकर्ता*	*राशि*	*निजी प्लेसमेंट की सीमा*	*'निवेश ग्रेड से नीचे' की प्रतिभूतियां*	*रेट न की गई प्रतिभूतियां*	*'अनलिस्टेड' प्रतिभूतियां*
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
(i)	पीएसयू	434.85 (552.31)	434.85 (552.31)	–	-	0.00 (0.00)
(ii)	सरकार	41067.40 (38435.11)	41067.40 (38435.11)			0.00 (0.00)
(ii)	वित्तीय संस्थाएं	0.00 (0.00)	0.00 (0.00)	–	–	0.00 (0.00)
(iii)	बैंक	0.00 (243.44)	0.00 (243.44)	–	–	0.00 (0.00)
(iv)	निजी कॉर्पोरेट	990.49 (1540.43)	990.49 (1540.43)	–	–	0.00 (0.00)
(v)	सहायक संस्थाएं/ संयुक्त वेंचर	0.00 (0.00)	0.00 (0.00)	–	–	0.00 (0.00)
(vi)	अन्य	0.00 (0.00)	0.00 (0.00)	–	–	–
(vii)	मूल्यह्रास के लिए धारित प्रावधान	332.89 (650.34)	332.89 (650.34)	–	–	–
	कुल	**42,159.85 (40,120.95)**	**42,159.85 (40,120.95)**	**0.00 (0.00)**	**0.00 (0.00)**	**0.00 (0.00)**

* ऋण प्रतिभूतियों में खजाना बिल, अपरिवर्तनीय डिबेंचर, वाणिज्यिक पत्र, जमा प्रमाण-पत्र सहित सरकारी प्रतिभूतियां शामिल हैं जिन्हें बही मूल्य पर दर्शाया जाए.

7.3 **एचटीएम श्रेणी से/ में बिक्री और अंतरण**

वर्ष के दौरान ₹1152.11 करोड़ बही मूल्य (अंकित मूल्य ₹1135.22 करोड़) की एसडीएल प्रतिभूति राशि को एचटीएम से एएफ़एस श्रेणी में अंतरित किया गया और ₹3186.68 करोड़ बही मूल्य (अंकित मूल्य ₹3040.00 करोड़) की केन्द्र सरकार की प्रतिभूति राशि को एचटीएम से एएफ़एस श्रेणी में अंतरित किया गया. वर्ष के दौरान ₹2831.33 करोड़ बही मूल्य (अंकित मूल्य ₹2676.17 करोड़) की एसडीएल प्रतिभूति राशि को एएफ़एस से एचटीएम श्रेणी में अंतरित किया गया.

31 मार्च 2022 को रु. 9432.28 करोड़ के बही मूल्य के समक्ष हेल्ड टू मैच्युरिटी (एचटीएम) श्रेणी के अंतर्गत नाबार्ड के पास उपलब्ध कुल निवेश का बाज़ार मूल्य ₹9671.40 करोड़ था.

7.4 उद्यम पूंजी निधि में निवेश पर विवेकपूर्ण मार्गनिर्देशों से संबंधित दिनांक 01 जुलाई, 2015 के भारतीय रिजर्व बैंक के परिपत्र आरबीआई/2015-16/104 डीबीआर.सं. एफ़आईडी एफ़आईसी.3/ 01.02.00/ 2015-16 के अनुसार, उद्यम पूंजी निधि इकाइयों में लगाई गई ₹21.55 करोड़ (₹19.45 करोड़) की राशि को एचटीएम श्रेणी से 3 वर्ष पूर्ण होने पर एएफ़एस श्रेणी में अंतरित कर दिया गया जबकि एचटीएम श्रेणी के तहत रु. 53.71 लाख के निवेश को तीन वर्ष की अवधि पूर्ण हो जाने के बाद भी एएफएस श्रेणी में अंतरित नहीं किया गया.

8. **खरीदी/ बेची गई वित्तीय आस्तियों का ब्यौरा**

8.1 **आस्ति पुनःसंरचना के लिए प्रतिभूतिकरण/ पुनःसंरचना कंपनी को बेची गई वित्तीय आस्तियों का ब्यौरा.**

अ. बिक्री ब्यौरा : शून्य

आ. प्रतिभूति रसीद में निवेश के बही मूल्य का ब्यौरा : शून्य

8.2 **खरीदी/ बेची गई अनर्जक वित्तीय आस्तियों का ब्यौरा**

अ. खरीदी गई अनर्जक वित्तीय आस्तियों का ब्यौरा : शून्य

आ. बेची गई अनर्जक वित्तीय आस्तियों का ब्यौरा : शून्य

9. परिचालनगत परिणाम

क्रम सं.	*विवरण*	*2021-22*	*2020-21*
(i)	कार्यशील निधियों के प्रतिशत के रूप में ब्याज आय	5.51	6.06
